[27/7/2017]

प्रश्न सं. [क्र. 2571]

म.प्र. औद्योगिक केन्द्र विकास निगम रीवा

विधान सभा अतारांकित प्रश्न क्र. 2571 की जानकारी

परिशिष्ट—एक

1. म.प्र. औद्योगिक केन्द्र विकास निगम रीवा क्षेत्रान्तर्गत औद्योगिक क्षेत्र उद्योग विहार चोरहटा रीवा के भूखण्ड कमांक 240 एवं 241 रकबा क्रमशः 2.76 हेक्टेयर एवं 2.13 हेक्टेयर की ई—टेन्डर के माध्यम से आवंटन करने की अनुमति म.प्र. शासन, वाणिज्य, उद्योग और रोजगार विभाग के आदेश क्रमांक 672 / 456 / 2017 / ए—ग्यारह, भोपाल दिनांक 02.03.2017 से प्राप्त हुई थी।

2. उक्त शासन की अनुमति के परिप्रेक्ष्य में म.प्र. औद्योगिक केन्द्र विकास निगम रीवा द्वारा निविदा आमंत्रित की गयी थी, जो समाचार पत्रों में तथा म.प्र. औद्योगिक केन्द्र विकास निगम रीवा की वेवसाइट पर भी प्रदर्शित की गयी थी।

3. भूखण्ड कमांक 240 एवं 241 की नीलामी बावत् प्रथम चरण की तकनीकी बिड में क्वालीफायी करने हेतु निविदा आमंत्रण शर्तों के अनुसार निम्न प्रस्ताव भूखण्डवार ऑनलाईन प्राप्त हुए :—

भूखण्ड कमांक 240	भूखण्ड कमांक 241
1. मे. वेदिका पालीसक्स प्रा.लि.	1. मे. वेदिका पालीसक्स प्रा.लि.
2. मे. बन्सल कैरियर प्रा.लि.	2. मे. नील कमल प्रा.लि.
3. मे. रौनक एण्ड देव इन्टर प्राइजेज	3. मे. एम.पी. बिल्डर्स
4. मे. आनंद पंजवानी	4. मे. कोबरा सीमेंट प्रोडेक्ट्स
5. मे. दीपचन्द्र अग्रवाल	

उपरोक्त प्राप्त ऑनलाईन प्रस्तावों की हार्ड कापियों का चेक लिस्ट अनुसार परीक्षण एकेव्हीएन रीवा द्वारा किया गया। परीक्षणोपरान्त द्वितीय चरण की फायनेंशियल बिड हेतु निम्न प्रस्तावों को एकेव्हीएन रीवा द्वारा भूखण्डवार योग्य पाया गया।

भूखण्ड कमांक 240	भूखण्ड कमांक 241
1. मे. वेदिका पालीसक्स प्रा.लि.	1. मे. वेदिका पालीसक्स प्रा.लि.
2. मे. बन्सल कैरियर प्रा.लि.	2. मे. नील कमल इन्टर प्राइजेज प्रा.लि.
3. मे. रौनक एण्ड देव इन्टर प्राइजेज	
4. मे. आनंद पंजवानी	
5. मे. दीपचन्द्र अग्रवाल	

यहां पर यह उल्लेखनीय है कि भूखण्ड कमांक 240 हेतु सभी प्रस्ताव फायनेंशियल बिड हेतु मान्य किये गये एवं भूखण्ड कमांक 241 हेतु 02 प्रस्ताव मेसर्स वेदिका पालीसक्स प्रा.लि. एवं

मेसर्स नील कमल इंटर प्राइजेज प्रा.लि. के प्रस्ताव ही तकनीकी बिड में क्वालीफायी करने के उपरान्त फायनेंशियल बिड हेतु मान्य पाये गये। शेष दो प्रस्ताव मेसर्स एम.पी. बिल्डर्स व मेसर्स कोबरा सीमेंट प्रोडक्ट्स के प्रस्ताव फायनेंशियल बिड में भाग लेने हेतु क्वालीफायी नहीं कर पाये।

4. तकनीकी बिड में क्वालीफायी करने के उपरान्त फायनेंशियल बिड हेतु निम्नानुसार प्रस्ताव आनलाईन भूखण्डवार प्राप्त हुए।

भूखण्ड कमांक 240		भूखण्ड कमांक 241	
इकाई का नाम	उदधृत दर	इकाई का नाम	उदधृत दर
1. मे. वेदिका पालीसक्स प्रा.लि.	4,56,12,347/–	1. मे. वेदिका पालीसक्स प्रा.लि.	1,42,12,347/–
2. मे. बन्सल कैरियर प्रा.लि.	दर उदधृत नहीं की गयी।	2. मे. नील कमल इन्टर प्राइजेज प्रा.लि.	1,39,95,000/–
3.मे. रौनक एण्ड देव इन्टर प्राइजेज	4,21,05,001/–		
4. मे. आनंद पंजवानी	4,14,00,000/–		
5. मे. दीपचन्द्र अग्रवाल	3,30,00,000/–		

उक्त प्रतिस्पर्धात्मक चार्ट के अनुसार भूखण्ड क्र. 240 एवं 241 हेतु मेसर्स वेदिका पालीसक्स प्रा.लि. द्वारा अधिकतम दर उदधृत किये जाने के कारण, इकाई को भूमि आवंटन संबंधी आशय पत्र दिनांक 06.05.2017 को एकेव्हीएन रीवा द्वारा जारी किया गया।

उक्त दोनों भूखण्डों हेतु म.प्र. औद्योगिक केन्द्र विकास निगम रीवा द्वारा शासन के निर्देशों के तहत आधार मूल्य (बेस प्राइस) तय किया गया था, जिसके अनुसार भूखण्ड कमांक 240 हेतु रू. 1,91,13,151/– तथा भूखण्ड कमांक 241 हेतु रू. 1,38,10,693/– था। निविदा में भूखण्ड क्र. 240 हेतु रू. 4,56,12,347/– तथा भूखण्ड कमांक 241 हेतु रू. 1,42,12,347/– राशि प्राप्त हुई जो कि आधार मूल्य से कहीं अधिक है।

उक्त से स्पष्ट होता है कि किसी फर्म विशेष को कोई लाभ नहीं पहुँचा तथा शासन के राजस्व का कोई नुकसान भी नहीं हुआ।

उपरोक्त भूखण्डों को नीलामी के माध्यम से विक्रय/आवंटित करने की कार्यवाही शासन के आदेश / निर्देशों के पालन में शासन की मंशानुसार ही की गई है। "म.प्र. औद्योगिक भूमि एवं भवन प्रबंधन नियम 2015" में पूर्व से विकसित औद्योगिक क्षेत्रों में भूखण्डों के क्षेत्रफल के संबंध में कोई प्रावधान नहीं है अतः इस प्रकिया में शासन के दिशा निर्देश का पालन किया गया।

प्रबंधक

हेतु –प्रबंध संचालक
एकेव्हीएन रीवा